



एक नजर में

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आयोजन हेतु बैठक संपन्न



आलीराजपुर। नानपुर के खंडवा क्रेडिट स्टेट हाईवे पर स्थित विशाल साईं धाम परिसर में स्थित साईं मंदिर पर अलग-अलग तरह से गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बैठक में साई सेवा समिति के सभी सदस्यों सहित ग्रामों के सभी धर्मों के प्रमुख प्रतिनिधि, विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के प्रतिनिधि, सेवा कार्य करने वाले साइंटिस्ट युवा साई बाबा के भक्त शामिल हुए। उद्घोषणा बैठक में आगामी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव से मनाए जाने वाले समारोहों में शामिल होने की सलाह और सहमति प्रदान की गई। समिति के प्रबंधक प्रदीप क्षीरसागर और देवेंद्र वाणी ने बताया कि 10 जुलाई गुरुवार को बाबा के अति प्रिय होने से विशेष महत्व वाला दिन माना जाएगा। इस दिन सुबह 6 बजे से साईं बाबा का अभिषेक होगा, अभिषेक के बाद सुबह 8 बजे से यज्ञ भोज में विभिन्न समुदाय के परिवार, साथियों द्वारा आहुति के साथ आशीर्वाद दिया जाएगा।आलीराजपुर

## अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पौधारोपण



पेटलावद। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 के अवसर पर सहकारिता विभाग झाबुआ,जिला सहकारी संघ झाबुआ एवं विपणन सहकारी संस्था पेटलावद के संयुक्त तत्वाधान टमाटर प्रसंस्करण इकाई, सारंगी प्रांगण में श्री दिनेशचंद्र भिड़े उपायुक्त सहकारिता द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया इस कार्यक्रम में सहकारी समितियो के सदस्यों, एवं कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया।

## गुरूपूर्णिमा पर श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम वैकुंठधाम गुरूद्वारा पर होंगे धार्मिक कार्यक्रम

झाबुआ। श्री सरस्वतीनंदन स्वामी भजनाश्रम वैकुंठधाम गुरूद्वारा



थांदला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरूपूर्णिमा का पुण्यकारी महोत्सव आषाण शुक्ल पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) पर 10 जुलाई को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। श्री सरस्वतीनंदन स्वामी भजनाश्रम धार्मिक न्यास के आश्रम प्रभारी पं. भूदेव आचार्य एवं भक्त मंडल अध्यक्ष राजेन्द्रप्रसाद अग्निहोत्री ने बताया की गुरूपूर्णिमा पर 10 जुलाई को अलसुबह ब्रम्ह मुर्हुत में 4 बजे से श्री सरस्वतीनंदनजी स्वामीजी की प्रतिमा का महाभिषेक पश्चात् 6 बजे से मंगला आरती होगी। 8 बजे सद्गुरू की पादुका पूजन की जाएगी। दोपहर 12 बजे से महाआरती पश्चात् महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन रखा गया है। ज्ञातव्य रहे कि गुरूपूर्णिमा पर आश्रम में श्री सरस्वतीनंदजी स्वामीजी के दर्शन एवं पूजन हेतु ना केवल झाबुआ जिले अपितु मप्र, गुजरात, राजस्थान एवं महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में गुरू भक्त पहुंचते है। यहां दिनभर गुरू भक्तों के मेले जैसा माहौल रहता है। न्यास एवं भक्त मंडल के श्रीरंग आचार्य, रमेन्द्र सोनी, डॉ. जया पाठक, भागवतप्रसाद शुक्ल, तुषार भट्ट, दीपक आचार्य, प्रदीप अरोड़ा एवं समस्त भक्त मंडल ने उक्त सभी धार्मिक आयोजनों में गुरू भक्तों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

## श्रावण मास में अखंड श्री रामायण पाठ का होगा आयोजन

झाबुआ। श्री रामायण मंडल झाबुआ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर




पर अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन होगा। इस वर्ष यह 15वां आयोजन किया जाएगा। श्री रामायण मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को श्री हनुमान मंदिर पर एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ पश्चात् 11 जुलाई को टीचर्स कॉलोनी में मंडल के सदस्य शांतिलाल चौहान के निवास पर श्री रामायण पाठ होगा। 12 जुलाई से प्राचीन श्री बाड़ी हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजन कर श्रीराम दरबार की स्थापना पश्चात् संगीतमय वाद्य यंत्रों के साथ अखंड श्री रामायण पाठ आरंभ होगा। जिसमें श्री रामायण मंडल के सदस्यों के साथ शहर के भक्तजनों द्वारा समयानुसार पधारकर समधुर भजनों के साथ श्री रामायण पाठ की चौपाईयों का वाचन किया जाएगा।

**पूर्णाहूति पर महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन-** मंदिर पर अखंड रामायण पाठ 11 अगस्त को सुबह 9 बजे तक चलेगा। 10 से 12 बजे तक हवन पश्चात् पूर्णाहूति पर महाआरती की जाएगी। पश्चात् श्री रामायण पाठी भक्तों के लिए भोजन (प्रसादी) का आयोजन रखा गया है। श्री रामायण मंडल द्वारा श्रावण मास में शहर के भक्तजनों से अखंड श्री रामायण पाठ में समायानुसार पधारकर लाभ लेने हेतु अपील की है।

# बिजली खंबों एवं तारों पर झूलती डाली-पत्तियों की कटाई-छंटाई का कर रहे कार्य

**झाबुआ।** वर्षाकाल का दौर शुरू हो चुका है। वर्षाकाल में तेज हवाएं चलने या जोरदार बारिश होने पर अक्सर वृक्षों, पेड़-पौधों की डालियां, पत्तियां आदि विद्युत खंबों एवं तारों पर झूलने से फाल्ट हो जाता है और संबंधित क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। जिसके चलते विद्युत मंडल द्वारा ऐसे स्थानों पर पेड़-पौधों की पत्तियों एवं डालियों की कटाई-छटाई का कार्य करवाया जा रहा है। इस कार्य में नगरपालिका की विद्युत शाखा का भी सहयोग लिया जा रहा है। ज्ञातव्य रहे कि प्रतिवर्ष वर्षाकाल से पूर्व विद्युत मंडल द्वारा शहर की बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए मेनटेंनस कार्य किया जाता है। जिसमें बिजली खंबों एवं तारों पर झूलते पेड़-पौधों की डालियों-पत्तियों को कटवाने के साथ उनका सुधार कार्य करवाया जाता है। सुधार कार्य इन दिनों जारी है। 5 जुलाई की दोपहर आजाद चौक पर मेन लाईन के बिजली तारों पर पेड़ की डालियां झूलने से इसे



नगरपालिका के विद्युत शाखा वाहन की मद्द से कटिंग कार्य करवाया गया। यह कार्य विद्युत मंडल के लाईन सहायक राजेशकुमार पांडे के साथ विनय शुक्ला के नेतृत्व में अमले ने किया। इससे पूर्व दिलीप गेट एवं बस स्टैंड पर शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गड्ढ़ा स्कूल के समीप भी विद्युत मंडल द्वारा बिजली के तारों पर झूलते पेड़-पौधों की डालियों का कटिंग का कार्य करवाया गया था, ताकि तेज हवा या जोरदार बारिश होने पर विद्युत व्यवस्था बाधित ना हो।

सूचना पर करवाया जाता है काय- इस संबंध में विद्युत मंडल के सहायक यंत्री जितेन्द्रकुमार वाघेला से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वर्षाकाल पूर्व मेनटेंनस का कार्य पूर्ण हो चुका है, फिर भी कहीं से सूचना मिलने पर सुधार कार्य करवाया जाता है। शहर में जहां पुराने विद्युत खंबे या डीपीयां है, तो उस बदलने के लिए रहवासियो द्वारा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर निरीक्षण बाद उचित कार्रवाई की जाती है।

### पुराने खंबों एवं डीपीयां बदलने की आवश्यकता

विद्युत मंडल को शहर में जगह-जगह पुराने जंग लगे एवं टेड़े विद्युत खंबों को भी बदलने की आवश्यकता है। वहीं पुरानी डीपीयों को बदलकर नई डीपी लगाए जाने की आवश्यकता है। शहर के राधाकृष्ण मार्ग में एक विद्युत खंबे टेड़ा है, जिस पर अक्सर तार झूलते रहे है। इसी प्रकार नेहरू मार्ग पर शिशु बाल विद्या मंदिर के सामने भी विद्युत खंबा पुराना होने के साथ कुछ दिनों पूर्व यहां खंबे पर लगी डीपी में अचानक आग लग गई थी। जिसके कारण डीपी के केबल, तार आदि पूरी तरह से जल गए थे। इस तरह के पुराने खंबे, डीपीयां शहर में जगह-जगह है, जिन्हें विद्युत मंडल को बदलने की आवश्यकता है। जिनकी वजह से ही शहर में अक्सर बिजली व्यवस्था प्रभावित होती है।

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार को निकलेगी द्वितीय कावड़ यात्रा

झाबुआ। शहर के नेहरू मार्ग पर प्राचीन श्री संतोषी माता मंदिर के निकट स्थित श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन को लेकर श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप की प्रथम बैठक मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमें तय किया गया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावण मास के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को देवझिरी से झाबुआ तक भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवक जगदीश बैरागी ने बताया कि श्रावण मास में श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहने के साथ माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान भोलेनाथजी का अलग-अलग रूपों में सुंदर श्रृंगार कर विशेष आरती एवं प्रसादी का आयोजन होगा। श्री बड़केश्वर महादेवजी शिव परिवार के साथ मंदिर में विराजमान है। बैठक में तय किया गया कि पिछले वर्ष कावड़ यात्रा



की सफलता के बाद द्वितीय वर्ष देवझिरी से झाबुआ तक कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें महिला-पुरूषों, युवाओं के साथ बच्चों की भी सहभागिता रहेगी। सभी यात्री वाहन द्वारा श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर से देवझिरी तीर्थ के लिए प्रस्थान करेंगे। बाद यहां श्री संकट मोचन महादेवजी के दर्शन पश्चात् कुंड में नर्मदा नदी का जल कावड़ों में भरकर भगवान के जयकारों के साथ यात्रा आरंभ की जाएगी। यात्रा बैंडबाजों पर धार्मिक गीतों के साथ निकाली जाएगी। **आरती कर फरियाली खिचड़ी का होगा वितरण-** यात्रा देवझिरी से मोहनपुरा, गडवाड़ा, किशनपुरी, कृषि उपज मंडी प्रांगण, राजगढ़ नाका, डीआरपी लाईन तिराहा, नेहरू मार्ग, महाकालिका माता मंदिर परिसर, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, राजवाड़ा से पुन: श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान सभी कावड़ियों के लिए फलाहार एवं जलपान आदि की व्यवस्था होने के साथ यात्रा के समापन पर भगवान भोलेनाथजी की विशेष आरती होगी। पश्चात् 1 क्विंटल फरियाली खिचड़ी का प्रसाद भक्तों को वितरित किया जाएगा। बैठक में श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप से जुड़े अनिल मिंडा, प्रवीण श्रीवास, कमलेश परमार, विकास, अमित चौहान, ओम सोनी, हार्दिक अरोड़ा, महिलाओं में मधु बैरागी, पूजा चौहान, रेखा पुरोहित, सुनिता पंचाल, सीमा बैरागी, मोहन पंचाल आदि उपस्थित थी। अंत में आभार जगदीश बैरागी ने माना। श्री बड़केश्वर महादेव ग्रुप ने कावड़ यात्रा में शहर की धर्मप्रेमी जनता से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर लाभ लेने हेतु अपील की है। कावड़ यात्रा आयोजन को लेकर द्वितीय बैठक 6 जुलाई की रात 8.30 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित होगी।



## मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति की द्वितीय बैठक आज

झाबुआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को देवझिरी से झाबुआ तक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में महिला-पुरूषों, युवा बच्चों आदि सभी की सहभागिता रहेगी। समिति के रविराजसिंह राठौर एवं आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि कावड़ यात्रा आयोजन की रूपरेखा हेतु प्रथम बैठक विगत 29 जून को संपन्न होने के बाद द्वितीय बैठक 6 जुलाई की शाम 7 बजे से स्थानीय छोटे तालाब स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर रखी गई है। बैठक में कावड़ यात्रा आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा करने के साथ प्रचार-प्रसार हेतु फ्लेक्स-बेनर आदि का विमोचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति से जुड़े सभी सदस्यों के साथ शहर के समस्त भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने हेतु अपील की गई है।

# नि :शुल्क स्पोकन इंग्लिश एवं जनरल नॉलेज क्लासेस का होगा आयोजन

झाबुआ। रोटरी क्लब 'मेन' द्वारा नए सत्र में किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर क्लब की महत्वपूर्ण बैठक 4 जुलाई की रात्रि में आयोजित हुई। जिसमें क्लब द्वारा एक माह तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को रोटरी क्लब सदन के सभा कक्ष में बच्चों के लिए नि:शुल्क स्पोकन एवं जनरल नॉलेज की क्लासेस आयोजित करने के साथ 15 जुलाई को जिले के चयनित दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए नि:शुल्क सामग्री वितरण समारोह और 26 जुलाई को नि:शुल्क डेंटल तथा हैल्थ शिविर आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक प्रारंभ करने की घोषणा रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज पाठक ने की। बाद क्लब सचिव डॉ. अंकित गुप्ता ने बैठक के एजेंडे



से अवगत करवाया कि जुलाई माह में प्रत्येक रविवार को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी स्थित रोटरी सदन में नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश एवं जनरल नॉलेज की क्लासेस का आयोजन दोपहर 12 से 1 बजे तक किया जाएगा। जिसके कार्यक्रम संयोजक एवं प्रशिक्षक रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमेन हिमांशु त्रिवेदी रहेंगे। इस क्लासेंस का उद्देश्य बालक-बालिकाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा उन्हें इंग्लिश बोलना, सीखाना तथाा देश-दुनिया के महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान की जानकारी उपलब्ध करवाना है। इस क्लासेंस में पंजीयन के लिए छात्र-छात्राएं रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज पाठक से मोबाईल नंबर 94251-02489, सचिव डॉ. अंकित गुप्ता से मोबाईल नंबर 90990-05661 एवं कार्यक्रम संयोजक तथा प्रशिक्षक हिमांशु त्रिवेदी से मोबाईल नंबर 79872-93368 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते है।

ग्रामीण बच्चों के लिए फ्री डेंटल एवं हेल्थ कैंप लगेगा

प्रतापसिंह सिक्का एवं कार्तिक नीमा ने बताया की श्री विघ्नहरा विहार धाम फूलमाल पर आगामी 26 जुलाई को रोटरी क्लब 'मेन' सचिव डॉ. अंकित गुप्ता एवं डॉ. पार्थ सक्सेना के माध्यम से नि:शुल्क डेंटल एवं हेल्थ शिविर का आयोजन रखा जाएगा।

### 15 को दिव्यांगजनों का सामग्री वितरण समारोह

रोटरी मंडल के पदाधिकारी यशवंत भंडारी एवं उमंग सक्सेना ने बताया कि पिछले दिनों स्थानीय निजी गार्डन में जिले के दिव्यांगजनों का कैंप आयोजित किया गया था। जिसमें अंधजन मंडल वस्त्रपुर अहमदाबाद एवं ब्लाइंड वेलफेयर एसोसिएशन दाहोद द्वारा रोटरी क्लब 'मेन; के माध्यम से ऐसे दिव्यांगजन, जिन्हें रोजगार की आवश्यकता है। उनका साक्षात्कार लेकर करीब 65-70 दिव्यांगजनों का चयन किया गया। जिन्हें उक्त संस्थाओं द्वारा रोटरी क्लब 'मेन' के माध्यम से आगामी 15 जुलाई को दिव्यांग सामग्री वितरण समारोह का आयोजन कर रोजगार के लिए विभिन्न आवश्यक महत्वपूर्ण सामग्रीयां उपलब्ध करवाई जाएगी। उक्त समारोह में अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आमंत्रित करने के साथ इसमें सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र और जिला आजाद विकलांग कल्याण समिति का भी सहयोग लिया जाएगा।

एक नजर

# खरीफमौसम की फसलों की स्थिति का जायजा लेने क्षेत्र का भ्रमण

झाबुआ। जिले में खरीफ मौसम में 2025 अंतर्गत 189260 हैक्टेयर रकबा लक्षित हो कर 175.71 हैक्टेयर में बुआई कार्य सम्पन्न होकर शेष प्रचलित है। अद्यतन स्थिति में वर्षा का दौर जारी हैं। कलेक्टर नेहा मीना के सतत मार्गदर्शन में फसलों की स्थिति का जायजा लेने हेतु उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास एनएस रावत के साथ कार्यालयीन सहायक संचालक कृषि एसएस रावत उपस्थित रहकर जिले के विकासखंड रामा, पेटलावद एवं थांदला का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान रामा विखं के ग्राम पालेडी खेडी फलिया आमलीपाडा, वान्यामुनकी के कृषक मानसिंह पिता धूलिया मुनिया, प्रेमसिह पिता रामसिह पलासिया, करणसिह पिता



जुवानसिह डामोर आदी के खेतो में लगी फसल मक्का, सोयाबीन, कपास, अरहर, मूंगफली का अवलोकन किया। फसल अवलोकन के दौरान फसल स्थिति सामान्य होकर संतोषजनक है। भ्रमण के दौरान रूबरू चर्चा में कृषको को रावत द्वारा बताया कि खेत फसल का नियमित निरीक्षण करते रहे व खरपतवार इत्यादी से खेत को साफरखे तथा कीटव्याधियों के प्रकोप की स्थिती में अनुशंषित कीटनाशक का उचित मात्रा में घोल बनाकर छिड़काव करे।

### कृषकों को उपयोगी समसामयिक सलाह भी दी

सलाह में बताया गया कि जिन किसान भाईयों के खेत में सोयाबीन, उड़द की फसल में पीला मौजेक का प्रकोप देखा गया हो, वह इसके नियंत्रण हेतु प्रारंभिक अवस्था में ही अपने-अपने खेत में जगह-जगह पर पीला चिपचिपा ट्रेप लगाए, जिससे इसका संक्रमण फैलाने वाली सफेद मक्खी के नियंत्रण में सहायता मिलें। साथ ही पीला मोजेक ग्रसित पौधे को अपने खेत से निकाल कर नष्ट करें। सोयाबीन, कपास की फसल में फफूँद जनित एंथ्रेकनोज तथा राइजोक्टोनिया एरियल ब्लाईट नामक बीमारी का प्रकोप होने पर टेबुकोनेझोल 625 एम.एल. प्रति हैक्टेयर या टेबुकोनेझोलसल्फर 1 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर या हैक्साकोनेझोल 5 प्रतिशत ई.सी. 800 एम. एल. प्रति हैक्टेयर के मान से छिडकाव करें। मक्का फसल में फॉल आर्मीवर्म के नियंत्रण हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई.सी. या ईमामेक्टिन बेन्जोएट 5 ई.सी. 04 ग्राम/10 मि.ली. या थायोमेथाक्झमलैम्बाडासायहेलोथ्रिन 0.5 एम.एल. प्रति लीटर पानी में उचित घोल बनाकर छिडकाव करें। कपास की फसल में रस चूषक कीट एफिड का प्रकोप होने पर एसीटामेप्रिड दवा का 10 मिली प्रति स्प्रे पंप के मान से घोल बनाकर छिडकाव करने की सलाह दी है। जिन क्षेत्रों में अधिक वर्षा में जल भराव की स्थिति है, वहां शीघ्रातिशीघ्र नाली बना कर जल निकासी की व्यवस्था करें।